## D.A.V PUBLIC SCHOOL, POKHARIPUT.

## PERIODIC TEST - 1(2021)

## STD-VI

### Subject: Lower Hindi

**Time:-60 mins.** **Full marks:-40**

**सामान्य निर्देश - * सभी प्रश्नों के उत्तर लिखना अनिवार्य है।**

*** इस प्रश्नपत्र में तीन खंड हैं।**

*** उत्तर लिखने से पहले प्रश्न पत्र ध्यान से पढ़िए।**

*** इस प्रश्नपत्र में कुल 40 प्रश्न हैं।**

### खंड - (क).

**1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनिए:-**

पुस्तकें हमारी मित्र है, जो हम से लेती कुछ नहीं, परन्तु हमें ज्ञान, मनोरंजन और विवेक देती है। अच्छी पुस्तकें हमें कुमार्ग से हटाकर सन्मार्ग की ओर ले जाती है। हमारे निराश हृदयों में वे आशा का संचार कर देती है। जीवन के जटिल समस्याओं को सुलझाने के लिए पुस्तकें हमें विविध उपाय बताती हैं। यदि हम न चाहें, तो ये हमारा साथ कभी नहीं छोड़ती। सामान्य मित्र तो संकट में साथ छोड़ जाते हैं, परन्तु ये मित्र हमारा पूर्णतः साथ निभाती हैं। ऐसे मित्रों का संग्रह सभी को करना चाहिए। पर ध्यान यह रखना चाहिए कि उन्ही पुस्तकों का संग्रह करना चाहिए, जो हमारी उन्नति में सहायक हों । गिरावट की ओर ले जाने वाली पुस्तकों का कदापि संग्रह नहीं करना चाहिए।

**(क) पुस्तकों को किस रूप से संबोधित किया गया है ?**

(i) मित्र

(ii) ईश्वर

(iii) धन

(iv) संपत्ति

Ans (I)

**(ख) पुस्तकें हमें कैसे मार्ग की ओर ले जाती हैं ?**

(i) दुर्गम

(ii) सन्मार्ग की ओर

(iii) कुमार्ग

(iv)  गम की ओर

Ans.(ii)

**(ग) पुस्तकें हमारे निराश हृदयों में ———— का संचार कर देती है।**

(i) स्वर्ग

(ii) दुख

(iii) आशा

(iv) पीड़ा

Ans. (iii)

**(घ) सामान्य मित्र क्या  करते हैं ?**

(i)  संकट में साथ छोड़ जाते हैं।

(ii) समय के अनुसार चलते हैं।

(iii) मौसम के अनुसार चलते हैं।

(iv) घमंडी होते हैं।

Ans. (i)

**(च) इस गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।**

(i) पुस्तकें- हमारी मित्र

(ii) सामान्य मित्र

(iii) बुद्धिमान

(iv) ईश्वर

Ans. (i)

2. केवल पाठ्य-पुस्तकों पर आश्रित रहने से ही ज्ञान का सर्वतोमुखी विकास नहीं होता। आदर्श विद्यार्थी पाठ्यक्रम से बाहर की पुस्तकें और पत्र-पत्रिकाएँ भी पढ़ता है। इससे एक ओर उसका सामान्य ज्ञान बढ़ता है तो दूसरी ओर वह विषय के विस्तार और गंभीरता से परिचित होता है। इन सबसे उसमें आत्म- विश्वास आता है और वह कूपमंडूकता के दोष से बच जाता है । पढ़े और सुने को लिखना और गुनना आदर्श विद्यार्थी का अन्य महत्त्वपूर्ण गुण है। सामाजिक जीवन में अपने दृष्टिकोण को सही रूप से रखना अत्यावश्यक है । इसके लिए आदर्श विद्यार्थी अपने अध्यापकों, मित्रों और अन्य लोगों से बातचीत करता है, वाद-विवाद प्रतियोगिताओं में भाग लेता है। विद्यालय की साप्ताहिक सभाओं तथा अन्य गतिविधियों में मुख्य भूमिका निभाता है।

**(क) पाठ्य पुस्तकों के अतिरिक्त अन्य पुस्तकें पढ़ना क्यों आवश्यक है ?**

(i) सामान्य ज्ञान बढ़ता है।

(ii) विषय के विस्तार और गंभीरता से परिचय होता है।

(iii) आत्मविश्वास बढ़ता है।

(iv) ये सभी कारण

**Ans - (iv)**

**(ख) आदर्श विद्यार्थी क्या करता है ?**

(i) पाठ्यक्रम से बाहर की पुस्तकें और पत्र- पत्रिकाएँ भी पढ़ता है। विद्यालय की सभाओं व अन्य गतिविधियों में भाग लेता है।

(ii) केवल पाठ्यक्रम की पुस्तकें पढ़ता है।

(iii) मित्रों से बातचीत नहीं करता।

(iv) कोई भी गतिविधि में शामिल नहीं होता।

Ans. (i)

**(ग) सामाजिक जीवन में अपने ——— को सही रूप से रखना अत्यावश्यक है।**

(i) धन

(ii) दृष्टिकोण

(iii) गायन

(iv) इन में से कोई भी नहीं।

Ans.(ii)

**(घ) बाहर की पुस्तकें और पत्र - पत्रिकाएँ पढ़ने से विद्यार्थी किस दोष से बच जाता है ?**

(i) कूपमंडूकता

(ii) सजगता

(iii) जड़ता

(iv) इन में से कोई भी नहीं।

Ans. (i)

**(ङ) निम्नलिखित अनेक शब्दों के लिए गद्यांश से एक शब्द चुनिए ।**

**सप्ताह में एक बार होनेवाला**

(i) पाक्षिक

(ii) वार्षिक

(iii) साप्ताहिक

(iv) दैनिक

Ans. (iii)

# खंड - (ख). (10) Marks]

**2.A.निम्नलिखित शब्दों के वचन विकल्पों में से छाँट कर लिखिए।**

**क. पूरी -** (i) पुरियां (ii.) पूरियाँ (iii) पुरीयाँ ( iv.) पृरियां

Ans) (ii)

**Qख)- घोंसला** -( i.) - **घोंसले** (ii.) घोंसलों (iii.) घोंसलो (iv.) घोंसलैं

Ans) (i.)

**ग) - टोकरी -** (i) टोकरियां (ii) टोकरियाँ (iii) टोकरुयाँ (iv) टोकरीयाँ

.

Ans) (ii)

**2.B. 3.(घ. )निम्नलिखित शब्दों में से सही चंदाबिंदु युक्त शब्द चुनकर लिखिए। [2)**

(a) [क] मुँह [ख] मुहँ [ग] मूंह [घ] मुंह

Ans) (क)

(b) [क] वँहा [ख] वहाँ [ग] वंहा [घ] वहां

Ans) (ख)

**2.C. निम्न शब्दों के विलोम रूप विकल्पों में से छाँट कर लिखें। [5]**

**(क) कम -** (i) ज़्यादा (ii) वर्षा (iii) अंधेरा (iv.) छाँव

Ans) (i)

**ख. बेचना -** (i) भागना (ii.) ठगना (iii) खरीदना (iv) लूटना

Ans) (iii)

**ग. कमज़ोर -** (i) अपमान (ii) तिनका (iii) ताकतवर (iv.)प्रकाश

Ans) (iii)

**2.D. निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर समानार्थी शब्द लिखिए । ( 2)**

**क.पानी -** (i) अंबर (ii) आग (iii) जल (iv) पुष्प

Ans) (iii)

**ख) मेहनत -** (i) प्रसन्न (ii) परिश्रम (iii) सावधान (iv) आदत

Ans)(iii)

# खंड - [ग] (10 marks)

**3. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर विकल्पों में से चुनकर लिखिए ।**

(क) दीपक क्या सोच रहा था ?

(i)"पिताजी मेरे लिए क्या लायेंगे ?"

(ii)"पिताजी क्या खायेंगे ?"

(iii)"पिताजी क्या खेलेंगे ?"

(iv) "पिताजी क्या पढ़ेंगे ?"

Ans) (i)

**(ख) अभिकथन - मेहनत और बुद्धि से सफलता मिलती है।**

**कारण - हालांकि कौआ एक साधारण पक्षी था, लेकिन वह अपनी बुद्धि और मेहनत से अपनी प्यास बुझाने में सक्षम था। इससे यह स्पष्ट होता है केवल कड़ी मेहनत और बुद्धिमत्ता ही हमें खतरे से बचा सकती है।**

(i) अभिकथन सत्य है और कारण अभिकथन का सही कारण है।

(ii) अभिकथन गलत है और कारण सत्य है ।

(iii) कथन सही है और कारण गलत है ।

(iv) अभिकथन सत्य है लेकिन कारण अभिकथन का सही कारण नहीं है ।

Ans - (i)

**(ग) पिल्ला कहाँ सोता था?**

(i) पलंग के ऊपर

(ii) पलंग के नीचे

(iii) घर के अंदर

(iv) छत पर

**(ग) एक हाथी और _________ में झगडा हो गया ।**

(i)हथिनी

(ii)शेरनी

(iii)नागिन

(iv)चिड़िया

Ans) (iv)

**(घ) कौन हाथी की ताकत देखकर पहले हैरान हुआ ?**

(i) दानव

(ii) आदमी

(iii) भालू

(iv) यंत्र

Ans) (ii)

**(ङ) चतुर कौवा कविता के कवि कौन हैं ?**

(i)शशिपाल शर्मा

(ii) नागार्जुन

(iii)जय शंकर प्रसाद

(iv)अज्ञेय

Ans) (i)

**(छ) पुलिस ने दीपक की पीठ क्यों थपथपाई ?**

(i) वह अच्छा खिलाड़ी था।

(ii) दीपक और लालू ने मिलकर चोर को पकड़वाया।

(iii) पडोसी के साथ अच्छा व्यवहार करता था।

(iv) पिताजी की सेवा करता था।

Ans) (ii)

**(ज) अभिकथन - चिड़िया पत्ता उठा नहीं पा रही थी।**

**कारण: पत्ता चिड़िया के मुकाबलें बहुत बड़ा और भारी था।**

a) अभिकथन aur karan सत्य है और कारण अभिकथन का सही कारण है

b) अभिकथन गलत है और कारण सत्य है

c) कथन सही है और कारण गलत है

d) अभिकथन सत्य है लेकिन कारण अभिकथन का सही कारण नहीं है

Ans) (i)

**(झ) कौवा क्यों भटक रहा था ?**

(i) पानी के लिए

(ii) सोने के लिए

(iii)पढ़ने के लिए

(iv) खेलने के लिए

Ans)(i)

**(ञ) कौवे ने खाली घडे में क्या डाला ?**

(i)पत्ता

(ii) मिठाई

(iii) कंकड़

(iv) डब्बा

Ans) (iii)

**ट) कौवे ने पानी को कहाँ - कहाँ ढूँढा ?**

(i) स्वर्ग में

(ii) गाँव - गाँव में नगर - नगर में

(iii) जंगल में

(iv) इन में से कोई नहीं।

Ans- ( ii)

**ठ) कौवे को सफलता कैसे मिली ?**

(i) अक्ल और मेहनत के बल पर

(ii) किस्मत से

(iii) पैसों से

(iv) दोस्तों की मदद से

Ans) - (i)

**(ड) अम्मा दीपक के लिए ————— बना रही थी।**

(i) दाल चावल

(ii) हलुआ और पूरी

(iii) रोटी और सब्ज़ी

(iv) सरसों का साग

Ans) - (ii)

**ढ) दीपक का ——— जन्मदिन था।**

(i) चौथा

(ii) तीसरा

(iii) छठा

(iv) दूसरा

Ans) - (iii)

**ण) हाथी की ताक़त देखकर आदमी ने क्या किया ?**

(i) मधुमक्खियों को बुलाया।

(ii) कई हाथियों को वश में किया और उन्हें सामान ढोने के काम पर लगा दिया।

(iii) जंगल में उत्पात मचाया।

(iv) इन में से कोई नहीं।

Ans) - (ii)

**त) दीपक और लालू को देखकर चोर ने क्या किया ?**

(i) वह दौड़कर झट से घर के सामने एक पेड़ पर चढ़ गया।

(ii) बगल में पोटली दबाए दरवाज़े से भाग गया।

(iii) बैठकर खाना खाने लगा।

(iv) पलंग के नीचे सो गया।

Ans) - (i)

**थ) लालू के ———— से दीपक जाग गया।**

(i) भौंकने

(ii) गुर्राने

(iii) भागने

(iv) खेलने

Ans) - (ii)

**द) "हाथी और चिड़िया" कहानी के कहानीकार ——————— हैं।**

(i) प्रेमचंद

(ii) जय शंकर प्रसाद

(iii) महादेवी वर्मा

(iv) गोविंद शर्मा

Ans) - (iv)

**ध) एक पेड़ को बनने में कम से कम ———— वर्ष लग जाते हैं।**

(i) एक

(ii) दो

(iii) चार

(iv) दस

Ans) - (iv)

**न) " बहादुर दोस्त" कहानी के कहानीकार ————— हैं।**

(i) विनीत कौल

(ii) नागार्जुन

(iii) अमृता प्रीतम

(iv) अज्ञेय

Ans) - (i)